**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 08.12.2024 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- शिक्षा निदेशालय के तहत राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी ज्ञानोदय का कल समापन हो गया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को सातवीं बार अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम प्रगति डैशबोर्ड में पहला स्थान हासिल हुआ है।
- समाज कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लैंगिक समानता और कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की ओर से मध्योत्तर अंडमान में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की एन एस एस इकाई के सहयोग से रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए रैली का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के तहत उप–निदेशक शिक्षा की ओर से राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी ज्ञानोदय का कल समापन हो गया। शिक्षा सचिव स्मिता आर समापन समारोह की मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर अपने संबोधन में सचिव ने राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए छात्राओं द्वारा दिखाए गए उत्साह, समर्पण और रुचि की सराहना की, जो विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों पर आधारित उनकी मॉडल में बहुत स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की गई। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग की भी प्रशंसा की तथा 'राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी' में विज्ञान मॉडल तैयार करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों तथा संस्थाओं की भी प्रशंसा की। शिक्षा सचिव ने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रदर्शनी में दूर–दराज के द्वीपों से भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं तथा प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ प्रदर्शनी के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन तथा विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह से कार्यक्रम में भाग लेने पर उनकी सराहना की। ज्ञानोदय के लिए प्रतिष्ठित रोलिंग ट्रॉफी दक्षिण अंडमान क्षेत्र को प्रदान की गई। सबसे लोकप्रिय पुरस्कार तुषनाबाद स्कूल की रितिका बिस्वास को उनकी प्रदर्शनी 'मैथ मैजिक' के लिए मिला, जबकि विजय नगर स्कूल के सीडब्लूएसएन छात्र बीरबल लोहरा को 'अंडमान स्थानिक प्रजाति' पर उनकी प्रदर्शनी के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया।

<><><><><><><>

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर, राज्य सैनिक बोर्ड के सदस्यों के साथ सचिव कर्नल डी.एस. गोदारा ने कल राज निवास में उप राज्यपाल और द्वीप विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। अंडमान निकोबार प्रशासन के योगदान के रूप में उपराज्यपाल ने राज्य सैनिक बोर्ड को बीस हजार रूपए का चेक सौंपा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को सातवीं बार अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम प्रगति डैशबोर्ड में पहला स्थान हासिल हुआ है। यह इस साल सातवीं बार है जब द्वीपसमूह ने यह गौरव हासिल किया है, जो पुलिसिंग में डिजिटलीकरण को बढ़ाने में इसकी

प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस प्रणाली को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, नई दिल्ली द्वारा संचालित किया जाता है। प्रगति डैशबोर्ड गृह मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसकी निगरानी प्रधानमंत्री द्वारा नियमित रूप से की जाती है। यह राष्ट्रीय मंच अपराध डेटा के प्रबंधन में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है, अपराध की रोकथाम और पता लगाने में उनकी दक्षता, प्रतिबद्धता और प्रगतिशील कदमों का अवलोकन करता है। अंडमान निकोबार पुलिस की सफलता उनके समर्पण और नवाचार का प्रमाण है। प्रगति डैशबोर्ड पर द्वीपसमूह का लगातार शीर्ष प्रदर्शन कानून प्रवर्तन के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने में अंडमान निकोबार पुलिस की अनुकरणीय भूमिका को दर्शाता है।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राज्य केन्द्र के माध्यम से लैंगिक समानता, संवेदनशीलता और कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सोलह दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य और महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा के उन्मूलन के लिए जागरूकता बढ़ाना है। हाल ही में जंगलीघाट में आयोजित कार्यक्रम में घरेलु हिंसा अधिनियम, कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम पर महिलाओं को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में नौवीं और दसवीं के छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर हाल ही में अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की ओर से मध्योत्तर अंडमान में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रमन बागीचा, आमकुंज और रंगत में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस कार्यक्रम में सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा और बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों, हितधारकों और दिव्यांगता क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति को संबोधित करते हुए कुलदीप राय शर्मा ने कहा कि इस तरह के पहल से एक समावेशी समाज के निर्माण में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक दिव्यांगजन के लिए समान अवसर, पहुंच और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। थे। इस अवसर पर दिव्यांगजनों सहित अन्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में दो सौ पचास से अधिक दिव्यांगजनों ने भाग लिया।

<><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा, अटल फाउंडेशन के राज्य अध्यक्ष अजीजुर्र रहमान ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के पूर्व निदेशक डॉक्टर षणमुगम के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनका कल निधन हो गया। शव यात्रा आज उनके पैत्रिक निवास कोयम्बटूर से निकाली जाएगी।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से नई दिल्ली में अंडमान निकोबार प्रशासन से जुड़े सिविल सेवा कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा टूर्नामेंट दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए विभिन्न खेलों में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियन खेल परिसर में बारह तारीख को सुबह नौ बजे पुरूष क्रिकेट टीम और बास्केट बॉल तथा पुरूषों और महिलाओं के वास्ते बैडमिन्टन के लिए तेरह तारीख को शाम तीन बजे से चयन ट्रायल रखा गया है। चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए उम्मीदवार को विभागीय पहचान पत्र की एक प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।

<><><><><><>